डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद

संख्या : लो0अ0वि0 / कु0स0का0 / बी0एड0-2012 / 672 — दिनांक : 20 दिसम्बर, 2012

आवश्यक सूचना बी0एड0-2012

एतदद्वारा उन सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन्हें बी0एड0 2012 की काउन्सिलिंग में सीट आवंटित हुई थी एवं सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा सीट कन्फर्म करायी गयी थी, किन्तु सीट कन्फर्म कराये कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अद्यावधिक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु रिपोर्ट न किए जाने की सूचना सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा प्रेषित की गयी है, जिनकी सूची वेबसाइट upbed2012.in पर उपलब्ध है। ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को महाविद्यालय में रिपोर्ट (Report) करने हेतु दूरभाष तथा SMS से पूर्व में सूचित किया जा चुका है, परन्तु सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में अभी तक रिपोर्ट नही किया गया है। ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे आवंटित महाविद्यालय में दिनांक 24.12.2012 तक प्रवेश हेतु रिपोर्ट करें, यदि इस सम्बन्ध में कोई शिकायत अथवा समस्या है तो अभ्यर्थी अपना लिखित अभिकथन दिनांक 24.12.2012 की सांय 3:00 बजे तक registrar1965@gmail.com पर भेज सकते हैं। यदि दिनांक 24.12.2012 सांय 3:00 बजे तक अभ्यर्थी आवंटित महाविद्यालय में रिपोर्ट नहीं करते हैं अथवा अभ्यर्थियों का कोई लिखित अभिकथन दिनांक 24.12.2012 तक प्राप्त नही होता है तो यह माना जायेगा कि अभ्यर्थी बी0एड0 में प्रवेश हेतु इच्छुक नहीं हैं, इसलिए उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण व्यक्तिगत उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का स्वयं का होगा एवं ऐसे निरस्तीकरण के विरूद्व उनका कोई दावा (क्लेम) स्वीकार्य नहीं होगा।

2. साथ ही संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे सीट कन्फर्मेशन पत्र प्राप्त किए हुए अभ्यर्थियो को महाविद्यालयों में दिनांक 24.12.2012 सांय 3:00 बजे तक प्रवेश देना सुनिश्चित करें एवं उक्त समयावधि में रिपोर्ट न करने वाले अभ्यर्थियों की सूचना कुलसचिव के माध्यम से दिनांक 24.12.2012 की सांय 5:00 बजे तक प्रेषित करे।

3. समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों से अनुरोध है अपने विश्वविद्यालय से सम्बद्व / सहयुक्त बी0एड0 महाविद्यालयों में आवंटित अभ्यर्थियों की सूची (www.upbed.nic.in पर उपलब्ध) मे से दिनांक 24.12.2012 सांय 3:00 बजे तक रिपोर्ट न करने वाले अभ्यर्थियो की सूची प्रतिहस्ताक्षरित कर आयोजक विश्वविद्यालय के ई-मेल एड्रेस registrar1965@gmail.com से विलम्बतम दिनांक 25.12.2012 की सांय 5:00 बजे तक भिजवाने का कष्ट करें।

4. ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा दिनांक 05.12.2012 तक प्रतीक्षा सूची हेतु पंजीकरण कराया गया है, उनके प्रवेश की प्रक्रिया दिनांक 27, 28 एवं 29 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तावित है, जिसकी विस्तृत सूचना प्रमुख समाचार पत्रों एवं वेबसाइट upbed2012.in पर उपलब्ध रहेगी।

कुलसचिव

12x9